तापमान
अधिकतम 34 .8 डिग्री
न्यूनतम 10 .4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

11 फसल बिक्री के नए नियमों के खिलाफ कांग्रेस ...


12 फैक्ट्रियों के रसायन युक्त पानी से सड़कें खराब...


## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी में दीक्षांत समारोह 8 को

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के 6 अप्रैल को 8 वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होगें। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता प्रदेश राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम घोष करेंगे, जबकि इस अवसर पर गेस्ट आफ ऑनर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होगें। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कुलपति ने कहा कि 8 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय सभागार में 3 बजे प्रारंभ होगा।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**सोनीपत।** ककरोई के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। दिल्ली के आदर्श नगर निवासी संदीप ने सदर थाना को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-9 निवासी विशाल व तुषांत के साथ बाइक पर सवार होकर खरखौदा से सोनीपत आ रहे थे। जब वह वीरवार देर शाम गांव ककरोई के पास पहुंचे, तो उनके आगे चल रही एक अन्य बाइक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे उनकी बाइक आगे चल रही बाइक से टकरा गई। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने तुषांत को मृत घोषित कर दिया। घायल विशाल की हालत गंभीर होने के कारण रेफर कर दिया गया।

### घर से आभूषण और 45 हजार रुपये ले गए

**सोनीपत।** पटेल नगर स्थित घर से चोर आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। ज्योति ने सिविल लाइन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि चोर उनके घर में घुसकर अलमारी से नकदी व आभूषण निकाल ले गए। चोर घर से 45 हजार रुपये, सोने की चेन, दो सोने के चांदी सूरज व दो चांदी के सिक्के ले गए। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी से सामान चोरी

**गन्नौर।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी से फैब्रिकेटेड मटेरियल चोरी का मामला सामने आया है। थाना बड़ी पुलिस ने कंपनी मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी अभिषेक कुमार शर्मा, वत्स ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक ने बताया कि उनकी कंपनी ने भारतीय बागवानी मंडी गन्नौर में फैब्रिकेशन व इरेक्शन का ठेका लिया हुआ है। 27 जुलाई 2025 से 3 मार्च 2026 के बीच कंपनी के पास 2825 मीट्रिक टन मटेरियल आया, जिसमें से 1648 मीट्रिक टन इस्तेमाल किया जा चुका है। जांच के दौरान करीब 16.5 मीट्रिक टन मटेरियल कम पाया गया।

### दलालों व बिचौलियों से दूर रहें आवेदक : डॉ. अनमोल

**गोहाना।** नियमों को पूरा करने वालों को ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मान्यता मिले यह सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम डॉ. अनमोल ने खुद आवेदकों का ड्राइविंग टेस्ट लिया और उनकी योग्यता को जांचा। एसडीएम ने आवेदकों से वाहन चलवाकर देखने के साथ सुरक्षा नियमों, संकेत के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने से पूर्व ड्राइविंग ट्रेनिंग क्लास में टेस्ट के लिए पंजीकरण करवाकर ट्रेनिंग लें। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने के बाद ही लाइसेंस बनेगा।

## नई अनाज मंडी में दूसरे दिन करीब 1660 क्विंटल गेहूं की खरीद

# किसानों को राहत : अब 24 घंटे मंडियों व खरीद केंद्रों पर ला सकेंगे फसल, गेटपास होगा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर फसल लाने वाले किसानों के लिए राहत भरी की खबर सामने आई है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से अब किसानों के लिए 24 घंटे मंडियां खुली रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

किसान किसी भी समय अब मंडियों में पहुंचकर अपनी फसल उतार सकेगा। हालांकि मंडियों में फसल लाने वाले किसानों को गेटपास जारी किया जाएगा। रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में दूसरे दिन भी शुक्रवार को गेहूं की आवक व खरीद जारी रही। हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति व


सोनीपत। सड़क का चल रहा निर्माण।

विपणन संघ (हैफेड) की ओर से करीब 1660 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। बता दें कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने विधायक निखिल मदान के साथ 1 अप्रैल को नई अनाज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। मंडी में करीब एक माह से सड़क व विभिन्न व्यवस्थाओं पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मंडी में सड़क का पुनर्निर्माण होने के बावजूद पैर की ठोकर बजरी उखड़ने पर प्रधान सचिव व विधायक ने नाराजगी जताई थी। इस पर प्रधान सचिव ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्माण में लापरवाही की जांच करने के निर्देश दिए थे। विधायक निखिल मदान ने भी सड़क का दोबारा पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए थे। वहीं मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों की देखरेख में शुक्रवार को सड़क व डिवाइडर की मरम्मत का काम शुरू किया गया। जिससे भविष्य में फसल लेकर आने वाले किसानों व व्यापारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### गोहाना व खरखौदा में 3 दिन से शुरू नहीं हुई खरीद

बता दें कि गोहाना व खरखौदा की मंडी में किसान अपनी गेहूं की फसल लेकर पहुंच रहे है, लेकिन 3 दिन से किसानों की फसल की खरीद शुरू नहीं हो पाई है। अधिकारियों की मानें तो खरखौदा मंडी में अब तक 9381 क्विंटल व गोहाना मंडी में करीब 400 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। उधर मंडियों में सरसों की बिक्री एमएसपी से ज्यादा भाव में हो रही है।

## जेलमंत्री ने किया औचक निरीक्षण, बोले किसानों को परेशानी नहीं आने देंगे



**गोहाना।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नई अनाज मंडी का औचक निरीक्षण करते हुए गेंहू खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों और मंडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेंहू खरीद को लेकर आढ़तियों, किसानों से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें फसल बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वीरवार बाद दोपहर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा नई अनाज मंडी पहुंचे। मार्किट कमेटी प्रधान कृष्ण सैनी, अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन प्रधान श्याम लाल वशिष्ठ व मंडी अधिकारियों के साथ उन्होंने किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। किसानों व आढ़तियों से चर्चा उपरांत कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने डीसी सोनीपत नेहा सिंह से फोन पर बात करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# ज्ञान व भीम नगर में सीवर लाइन डालने के बाद गलियां बनाना भूला नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- कॉलोनीवासी बोले, कई वाहन चालक गिरकर हो चुके घायल
- सीवरेज लाइन डालने ने तोड़ डाली सीमेंटेड गली

शहर के नए वार्ड-15 व पुराने वार्ड-11 स्थित ज्ञान व भीम नगर वासियों ने नगर निगम पर सीवर लाइन डालने के बाद गलियों की सड़क दुरुस्त न करवाने का आरोप लगाया है। ऐसे में उबड़-खाबड़ गलियों के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि काम पूरे करने के बाद नगर निगम ने सड़क का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब ज्ञान व भीम नगर में खस्ताहाल सड़क को अधर में ही छोड़ दिया है। इससे स्थानीय लोगों में निगम के प्रति रोष है। लोगों का कहना है कि निवर्तमान मेयर राजीव जैन व पूर्व पार्षद पति संजीव वलेचा भी कार्य की शुरुआत करवाने के बाद कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। कॉलोनी वासी शिव कुमार, सुशील, सुरेश, कृष्ण व अशोक कुमार ने बताया कि ज्ञान व भीम नगर में 15 दिसंबर 2025 से विकास कार्यों के नाम पर पहले पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थी। इसके बाद बारिश के पानी की निकासी को लेकर स्ट्राम वाटर और सीवरेज की पाइपलाइन डाली गई। इन कार्यों पर करीब 70 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। उस समय भी निर्माण कार्यों में कई अनियमितताएं बरती गई थी। जिस पर कॉलोनी वासियों ने एकत्रित होकर नगर निगम कमिश्नर को शिकायत कर समाधान की गुहार लगाई थी। लेकिन उन्होंने सुध नहीं ली।

### लोग बोले- अब जिम्मेदारी लेने से बच रहे रसूखदार


सोनीपत। ज्ञान नगर में सीवर पाइपलाइन डालने के बाद बिना निर्माण के अधर में छोड़ी गई गली।

### बारिश के मौसम में जलभराव का खतरा

कॉलोनी वासियों ने बताया कि नई सीवर लाइन दबाने के नाम पर कॉलोनियों की दुरुस्त सड़कों को तोड़ दिया गया है। नगर निगम चुनाव के नजदीक होने के चलते विकास के नाम पर शहर में दुरुस्त सड़कें बेवजह उखाड़ी जा रही हैं। साथ ही नई सीवर लाइन डालने के नाम पर लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। अब सड़कें अधूर में छोड़कर लोगों की परेशानी बढ़ा दी गई है। इससे बारिश के मौसम में कॉलोनी में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। गलियों का पुनर्निर्माण करवाने का आश्वासन देने के बावजूद अधिकारी काम नहीं कर रहे।

### बिना मांग निगम ने शुरू करवाया काम

लोगों का आरोप है कि कमीशन के चक्कर में अच्छी भली सड़क तोड़कर सीवर लाइन बिछाई जा गई हैं, जबकि न तो इसमें लोगों की मांग थी, न ही कोई शिकायत की गई। न ही पुरानी लाइन में कहीं लीकेज की समस्या थी। ऐसा करके केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया। यह खेल केवल कमीशन के चक्कर में खेला गया है। इससे एक तरफ लाखों रुपये का बजट बिना जरूरत के खराब किया गया।

### सोमवार से फिर शुरू होगा निर्माण

ज्ञान व भीम नगर में 6 अप्रैल सोमवार से गलियों को पुनर्निर्माण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। गलियों के निर्माण के लिए बजट तैयार कर अप्रूवल ले ली गई है। फिलहाल सीवर कार्य के चलते सड़कों का निर्माण शुरू नहीं करवाया जा सका था। नगर निगम की ओर से गलियों के निर्माण पर करीब 90 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। निर्माण कार्य होने के बाद लोगों को आवागमन में जल्द सुविधा मिल सकेगी।
**-अमित शर्मा**, जेई, नगर निगम, सोनीपत

## कूलर, पंखे व जूसर मिक्सर फैक्ट्री में घंटों तक धधकती रही आग



**सोनीपत।** कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में कूलर, पंखे और जूसर मिक्सर बनाने की फैक्ट्री में लगी आग आखिरकार 12 घंटे बाद बुझा दी गई। शुक्रवार अल सुबह 4 बजे अचानक भीषण आग लग गई थी। वहां मौजूद कर्मचारियों किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और कंट्रोल रूम को सूचना दी। साथ ही आसपास के इलाके को भी अलर्ट कर दिया। मगर, तेज हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की तीन अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। एक फैक्ट्री में खड़ी कार भी आग में जल गई। आग इतनी भीषण थी कि आसमान में दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। इससे बचाव कार्य में परेशानी आई। सूचना मिलते ही सोनीपत के साथ-साथ आसपास के तीन जिलों से फायर ब्रिगेड की 18 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू बमुश्किल काबू पाया। कुंडली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही थी। एहतियातन आसपास के इलाके के खाली करा लिया गया था। अंदर रखी ज्वलनशील सामग्री के चलते आग बार-बार भड़क रही थी।

### वर्षों की मेहनत खाक हो गई

पंखा फैक्टरी के मालिक नितिन ने बताया कि उनकी वर्षों की मेहनत एक ही झटके में खाक हो गई। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आग के कारणों की जांच कराई जाएगी। आग के बाद एहतियातन आसपास की फैक्टरियों को खाली करा लिया गया। उद्योग संगठनों ने आपसी समन्वय से तेजी से सूचना साझा कर लोगों को सतर्क किया। वहीं कुछ उद्योगपतियों ने दमकल विभाग की टीम के देरी से पहुंचने की बात कही है।

## मिल ठेकेदार पर कर्मचारियों का वेतन रोकने के आरोप


सोनीपत। प्रदर्शन करते कर्मचारी व पार्षद।

### कर्मचारी बोले- लंबे समय से हो रहा शोषण

सोनीपत। शुगर मिल में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों ने ठेकेदार पर लगातार वेतन रोकने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों के अनुसार तीन महीने का वेतन लंबित है, जिसमें पहले जिला पार्षद संजय बड़वासनिया द्वारा प्रदर्शन कर एचडी सोनीपत को शिकायत देने के बाद ठेकेदार ने एक महीने का वेतन जारी किया, जबकि दो महीने की तनख्वाह रोक ली। अब वेतन मांगने पर कर्मचारियों को धमकाने की बात सामने आई है।इस मुद्दे को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया कर्मचारियों के साथ शुगर मिल पहुंचे और ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेके पर लगे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और प्रशासन अनदेखी कर रहा है। तय वेतन के मुकाबले कम भुगतान किया जा रहा है और वह भी समय पर नहीं मिल रहा। इस दौरान अमित सैनी, साहिल, राहुल, राहुल, सतीश, जोगिंदर, जयनारायण, सूरजपाल, रोहित, विक्रम और जतिन मौजूद रहे।

## तहसीलों में फीस के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप

सोनीपत। रामराज सेवा समिति के संस्थापक जयवीर हुड्डा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सभी तहसीलों में फीस के नाम पर हो रही अवैध वसूली और भ्रष्टाचार रूकवाने की अपील की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सभी तहसीलों में जमाबंदी और इंतकाल की कापियां कंप्यूटर से निकाल कर दी जाती है, जिसकी निर्धारित फीस वसूल की जाती है। इसके बावजूद जमाबंदी या इंतकाल की कापियों की संबंधित पटवारियों के द्वारा वेरीफिकेशन की प्रक्रिया की जाती है, जिसके नाम पर अवैध वसूली की जाती है। गिरदवारी रिपोर्ट भी कई दिनों में तैयार करते हैं। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि जिला न्यायालय सोनीपत में नकल ब्रांच की स्थापना की है, इसी प्रकार सभी तहसीलों में भी नकल ब्रांच स्थापित करें। इससे लोगों से अवैध वसूली बंद होगी, इसके अलावा लोगों का समय भी बर्बाद नहीं होगा।

## औद्योगिक क्षेत्र में पीपल के पेड़ पर चली कुल्हाड़ी

■ आरोप : धर्मशाला कमेटी के कहने पर कटा पेड़, 5100 रुपये की पर्ची काटी



**सोनीपत।** सरकार व प्रशासन जहां पर्यावरण संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं सोनीपत में हरे-भरे पेड़ों को काटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को ग्रीन बेल्ट में लगा वर्षों पुराना हरा-भरा पीपल का एक पेड़ काटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पेड़ स्थानीय एक धर्मशाला की कमेटी के कहने पर काटा गया है। जिसकी 5100 रुपये की पर्ची भी कटवाई गई है। मामले की शिकायत वन विभाग के कार्यालय में दी गई है। विभाग ने भी मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित दस्तावेज के साथ शिकायत को सोमवार को उपायुक्त दरबार में पहुंचाने का निर्णय लिया है।शिकायतकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट की ओर से पेड़ काटने पर रोक के आदेश जारी किए गए हैं।

### वन विभाग ने मौके की रिपोर्ट तैयार की, उपायुक्त को भेजी जाएगी

नरेंद्र हुड्डा का कहना है कि प्रदेश में पहले ही सीमित हरियाली बची है। ऐसे में पेड़ों को अवैध रूप से काटा जाना पर्यावरण संरक्षण के साथ खिलवाड़ है। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी कपिल ने बताया कि विभाग ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के तहत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट तैयार कर ली है, सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## गर्भवती व उठने-बैठने से लाचार मरीजों को मिलेगी इलाज की सुविधा

# नागरिक अस्पताल को जल्द मिल सकती है पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, प्रबंधक ने प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा

**सोनीपत।** दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों व गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए मुख्यालय को पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन मुहैया करवाने का प्रस्ताव भेजा गया है। अस्पताल में पोर्टेबल मशीन आने के बाद मरीजों को अल्ट्रासाउंड केंद्र के खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ा। मरीजों को एमरजेंसी में आवश्यकता पड़ने पर पोर्टेबल मशीन की मदद से ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही खासकर उन मरीजों को पोर्टेबल मशीन का लाभ मिल सकेगा, तो अकसर ज्यादा बीमारी के चलते बेड से नहीं उठ पाते हैं। नागरिक अस्पताल में मरीजों के लिए करीब 4 साल बाद 27 अक्तूबर 2025 को पुनः अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू की गई थी। ऐसे में विधायक निखिल मदान ने विधानसभा के बजट सत्र में शहर के नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की मांग की थी। अब सरकार की ओर से विधायक की मांग पर संज्ञान लेते हुए करीब 1.04 करोड़ रुपये की राशि से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाई गई है। हाल समय में नागरिक अस्पताल में दो चिकित्सकों की अल्ट्रासाउंड केंद्र में ड्यूटी लगाई गई है। इसके बावजूद कई बार मरीजों की संख्या ज्यादा होने के चलते सभी मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पाती है।


सोनीपत। अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर लगी महिलाओं की भीड़।

### मुख्यालय भेजी डिमांड

अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यालय से मरीजों की सुविधा के लिए पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन मुहैया करवाने की डिमांड भेजी है। अगर अस्पताल को जल्द पोर्टेबल मशीन मिलती है, तो इससे मरीजों के इलाज में काफी सुविधा मिल सकेगी। **-डॉ. प्रवीन ढोचक**, आरएमओ

**चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे :** अस्पताल प्रबंधन की मानें तो नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 250 महिलाओं की ओपीडी होती है। इनमें से 50 गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों की ओर से अल्ट्रासाउंड कराने का परामर्श दिया जाता है। आमतौर पर गर्भवती को 9 माह में दो बार अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता होती है।

# लाइफ Style



## खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

## दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज



दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

# हॉलीवुड मसाला



## जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।




## एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तेमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



## सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



## धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

# टीवी मसाला



## पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड़स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

## अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

## इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## खेवड़ा स्थित आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय मिशन बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# मिशन बुनियाद : तीसरे चरण की परीक्षा में 284 छात्रों में से 265 ने आजमाई किस्मत

विधायक निखिल मदान, कृष्णा गहलावत व विकल्प फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक ने की शिरकत






सोनीपत। जिला स्तरीय मिशन बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान व कृष्णा गहलावत का स्वागत करते जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया तथा शिक्षा अधिकारियों के साथ मौजूद प्रतिभागी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को खेवड़ा स्थित आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय मिशन बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत के विधायक निखिल मदान, राई की विधायक कृष्णा गहलावत व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकल्प फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक प्रदीप सनसनवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में मिशन बुनियाद के चयनित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों, डीपीसी कृष्णा खत्री, उप जिला शिक्षा अधिकारी सरिता व सभी खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संयोजन अधिकारी, जिले के सभी एबीआरसी, बीआरपी ने भाग लिया। साथ ही विभिन्न स्कूलों से प्राचार्य, गणित व विज्ञान अध्यापक मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि जिले से दो बच्चे सुपर 100 के माध्यम से अपनी आईआईटी से ग्रेजुएशन पूरी करके अच्छी कंपनियों में अच्छी पैकेज पर कार्यरत हैं। वर्तमान समय में सोनीपत से 4 बच्चे सुपर 100 माध्यम से आईआईटी व एनआईटी में अपनी ग्रेजुएशन कर रहे हैं। मिशन बुनियाद बच्चों की नींव को संवारने में एक बहुत बड़ा कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों को मिशन से जोड़ने और अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा की तरफ प्रेरित करने का आग्रह किया।

### सुपर 100 के पूरे प्रोसेस को तरह से समझाया

विधायक निखिल मदान ने सुपर 100 के पूरे प्रोसेस को अच्छी तरह से अभिभावकों को समझाया। बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बच्चों एवं अभिभावकों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के पश्चात मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा आयोजित की गई। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि तीसरे चरण की परीक्षा में दूसरे चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण 284 विद्यार्थियों में से 265 ने भाग लिया।

### इस वर्ष से बुनियाद के 4 केंद्रों पर मिलेगी हॉस्टल की सुविधा

मिशन बुनियाद के निदेशक प्रदीप सनसनवाल ने बताया कि इस वर्ष से मिशन बुनियाद के 4 केंद्रों को भी हॉस्टल सुविधा प्रदान की जाएगी। यह 4 केंद्र गुड़गांव, कुरुक्षेत्र में शुरू हो चुके हैं। अन्य दो जिलों में भी जल्द शुरू कर दिए जाएंगे। दोपहर के बाद कक्षा नौवीं से दसवीं में हुए बुनियाद के चारों केंद्रों के बच्चों का टेस्ट लिया गया व पीटीएम का आयोजन किया गया। दोपहर बाद के सेशन में जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने कक्षा दसवीं के सभी बच्चों को उचित अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित करके अपनी कक्षा तक के सभी विषयों के विस्तार अध्ययन की महत्ता को बारीकी से समझाया। साथ ही मिशन बुनियाद के गत वर्ष के मोटो, यात्रा ठहराव, वर्तमान वर्ष के मोटो उत्सव, कठिनाइयों के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रत्येक अभिभावक से आग्रह किया गया कि वह 24 घंटे में से कम से कम 2 घंटे अपने बच्चों के साथ बैठकर केवल उनकी पढ़ाई का अवलोकन करें, ताकि बच्चे इस विचलित करने वाले सामाजिक परिदृश्य से बचकर अपने भविष्य को संवारकर अपने परिवार, समाज व देश का नाम रोशन कर सकें। तत्पश्चात शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल व सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधन व टीम का आभार जताया।

# फसल बिक्री के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



गोहाना। प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

- पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक और विधायक इंदुराज नरवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राज्य सरकार द्वारा फसल बिक्री के नए नियमों के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकर्ता सोनीपत मार्ग पर सिंचाई विश्राम गृह से सडक़ पर प्रदर्शन करते हुए उपमंडलीय परिसर पहुंचे और वहां पहुंचकर धरना दिया। कांग्रेसियों ने नियमों को रद करवाने के लिए एसडीएम डॉ. अनमोल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सिंचाई विश्राम गृह में एकत्रित हुए और वहां से पूर्व मंत्री जगबीर मलिक और बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए उपमंडलीय परिसर पहुंचे। पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि फसल खरीद को लेकर भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर मनमाने नियम थोपे जा रहे हैं। हाल ही में सरकार द्वारा किसानों पर बायोमेट्रिक अनिवार्यता, मेरी फसल मेरा ब्यौरा का रिकॉर्ड, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट की अनिवार्यता व निर्धारित समय सीमा जैसी शर्तें थोपी गई हैं। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि सरकार के नए नियमों से छोटे एवं सीमांत किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो किसान किराए के साधनों में मंडी में फसल लेकर आते हैं उनके लिए इन नियमों का पालन करना और भी अधिक कठिन हो गया है। इससे किसानों का समय, श्रम एवं आर्थिक नुकसान हो रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

### प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए

विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को पारदर्शी, सरल एवं व्यवहारिक बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



गोहाना। मंडी में गेहूं की जांच करते हुए एसडीएम डॉ. अनमोल। फोटो : हरिभूमि

### 12 फीसदी से कम नमी पर होगी गेहूं की खरीद

गोहाना। एसडीएम डॉ. अनमोल ने अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तौल कांटों, किसान सहायता केंद्र और अटल कैंटीन की जांच की। इस दौरान संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और समय पर बारदाना उपलब्ध कराया जाए। साथ ही गेहूं के उठान कार्य को भी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंडी में आने वाले किसानों को बायोमीट्रिक हाजिरी में परेशानी न हो, इसके लिए गेट पास के बाद आढ़तियों के पास जाकर हाजिरी लगाने की व्यवस्था की गई। अनाज मंडी में अब तक 2329 क्विंटल से अधिक गेहूं पहुंच चुका है, लेकिन खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। शुक्रवार को दिन में जांच करने पर गेहूं में 13 फीसदी तक नमी पाई गई है, जो निर्धारित मानकों से अधिक है। 12 फीसदी से कम नमी पर खरीद की जाएगी।

### सेहरी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

खरखौदा। सेहरी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल परिसर में हवन यज्ञ के पश्चात पौधारोपण भी किया गया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका बबली अत्री ने अभिभावकों से स्कूल में छात्र संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम के तहत सभी उल्लास शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गांव की सरपंच, सभी शिक्षक मौजूद रहे।




खरखौदा। शिक्षार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अध्यापिका।



सोनीपत। मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### कन्या कॉलेज की छात्राओं ने मेरिट सूची में बनाया स्थान

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय की एमए राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। छात्रा काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके अलावा नैंसी ने छठा, स्नेहा ने आठवां और शिक्षा ने तेरहवां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर टीकाराम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दहिया और कॉलेज प्राचार्य गीता ने छात्राओं को बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता मेहनत और लगन का परिणाम है। इस अवसर पर राजनीति विभाग की प्राध्यापिकाएं सीमा और डॉक्टर पूनम ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

### एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

खरखौदा। सांपला रोड स्थित ए.पी. गर्ग पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने हवन यज्ञ में आहुति दी। विद्यालय चेयरमैन मोहन लाल गुप्ता, प्रबंधक प्रवीन कुमार, प्रधानाचार्या अल्का गर्ग एवं एडवोकेट घनश्याम गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या अल्का गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई सोच, नए लक्ष्य और नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। चेयरमैन मोहन लाल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा और तकनीक का है, इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लेना चाहिए।



खरखौदा। हवन में शामिल शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पंडित हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए।

### हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

सोनीपत। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में शहर के डबल स्टोरी स्थित एक निजी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 11000 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों ने ज्योत प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक पाठ का संकल्प लिया। पंडित सुयश शास्त्री के मार्गदर्शन में एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर हनुमान जी को सवा मन लड्डुओं का भोग लगाया गया और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई चैंबर ऑफ कॉमर्स के डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद जैन, संगठन मंत्री रामानंद, संजय चौधरी, राकेश मदान व अजय जैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिवाजी महाराज की पुण्यातिथि पर व्याख्यान

सोनीपत। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यातिथि पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में एनएसएस जिला कार्यक्रम समन्वयक पवन ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रपति शिवाजी एक वीर भारती शासक थे। इस अवसर पर राज रेलन, पूनम, निशा व दीपिका सहित स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी साथ में स्कूल स्टाफ।




गन्नौर। नई अनाज मंडी में प्रदर्शन करते इनेलो नेता एवं कार्यकर्ता।

### नई अनाज मंडी में इनेलो का प्रदर्शन

गन्नौर। नई अनाज मंडी में शुक्रवार को इनेलो जिला अध्यक्ष कुनाल गहलोत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मंडी में शिकायत निवारण सेंटर भी गठित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता शामिल हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और मालिक के फोटो, बायोमेट्रिक प्रक्रिया और ट्रैक्टर-ट्राली पर नंबर प्लेट अनिवार्य करने के फैसले का विरोध किया। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश त्यागी ने कहा कि गेहूं सहित अन्य फसलों की खरीद के लिए लागू किए गए नए नियम किसान विरोधी हैं। हलकाध्यक्ष बिजेन्द्र शेखपुरा ने कहा कि पार्टी नेता अभय सिंह चौटाला और रामपाल माजरा मंडियों का दौरा करेंगे। वहीं कृष्ण मलिक ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### इनेलो ने किया कष्ट निवारण केंद्र स्थापित

गोहाना। इनेलो ने रबी के सीजन में किसानों की सुविधा के लिए गोहाना की अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित कर दिया है। जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि किसानों को असुविधाओं से बचाने के लिए मंडियों में केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिलाध्यक्ष के अनुसार इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को सरकार द्वारा थोपी गई जटिल शर्तों और तकनीकी समस्याओं से निजात दिलाना है। गोहाना में दुकान नंबर 66 करतार काहनी पर केंद्र की शुरुआत की। यहां पर कार्यकर्ता किसानों के संपर्क में रहेंगे और उनकी सहायता करेंगे। किसी किसान को गेट पास, फसल की तौलाई, उठान या किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अड़चन आती है, तो इनेलो कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचकर उसका समाधान कराएंगे। ओमप्रकाश गोयल, कृष्ण मलिक, अतुल मलिक, जोगेंद्र मलिक मौजूद रहे।



गोहाना। मंडी में स्थापित केंद्र में उपस्थित इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## जिले में 06 अप्रैल से दिया जाएगा जनगणना स्टाफ को प्रशिक्षण

# खुद कर सकेंगे जनगणना, 16 से 30 अप्रैल तक का समय

लघु सचिवालय में उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रशिक्षण को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

6 अप्रैल से जिले में जनगणना स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे जनगणना का कार्य सुचारू व व्यवस्थित ढ़ग से किया जा सके। शुक्रवार को उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में जनगणना प्रशिक्षण को लेकर लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य प्रशिक्षण को लेकर रूपरेखा तैयार कर कार्य करना व प्रभारी अधिकारियों व फील्ड ट्रेनरों को दिए गए प्रशिक्षण की समीक्षा करना रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है। जिसके माध्यम से जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े एकत्रित किए जाते है। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जियो टैगिंग, हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन व अन्य सभी कार्य जल्द से जल्द करे, जिससे जनगणना के कार्य को समय पर किया जा सके। सहायक निदेशक ओमप्रकाश ने बताया कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सरकारी पोर्टल पर नागरिक स्वःजनगणना भी कर सकते है। जिला जनगणना समन्वयक अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि वर्ष 2027 की जनगणना भारत की प्रथम डिजिटल मोड में आयोजित होनी वाली जनगणना होगी। इसमें मोबाइल एप व सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से डेटा का संकलन किया जाएगा। इस मौके पर जेसी एमसी मीतू धनखड़, सीटीएम सिमरन, डीआरओ सुशील शर्मा, सभी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार व अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## महान योद्धा व श्रेष्ठ रणनीतिकार थे छत्रपति शिवाजी : आजाद सिंह



गोहाना। पुरानी सब्जी मंडी गोहाना के समीप स्थित शहीद मदन लाल धींगड़ा पार्क में छत्रपति शिवाजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक, महान योद्धा एवं श्रेष्ठ रणनीतिकार थे। उन्होंने अपने पराक्रम शौर्य एवं रण कौशल से मातृभूमि की सेवा की और स्वराज की स्थापना के लिए ऐतिहासिक संघर्ष कर मुगलों आदिलशाह और अन्य शासको से लोहा लिया। समारोह की अध्यक्षता पार्क सुधार सभा के अध्यक्ष गोपाल चिंद्रा ने की। उन्होंने कहा छत्रपति शिवाजी ने भारत में गोरिल्ला युद्ध शैली, नौसेना के जनक, इस्लामिक आकांताओं के विनाशक, धर्मध्वज रक्षक, परम प्रतापी योद्धा, अद्भुत साहस और शौर्य के प्रतीक माना जाता है। समारोह में रामनिवास पांचाल, रोहित, आर्यन, उज्ज्वल ,हिमांशु, हर्ष व शमशेर उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत जौली**
**खण्ड गोहाना, जिला सोनीपत**

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जौली में चौंदा तालाब की मछली पालन हेतू खुली बोली दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत जौली वाल्मिकी चौपाल में करवाई जानी है। बोलीदाता को 50,000/- रूपये की अग्रिम राशि बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। नीलामी की शर्तें व नियम मौके पर बताई व सुनाई जाएंगी। बोलीदाता अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत जौली
ब्लॉक गोहाना (सोनीपत)
मो. नं. 9992650776

बढ़ रहा साइबर ठगों का दुस्साहस, नए-नए तरीकों से कर रहे ठगी

# ऑनलाइन मुनाफे और फर्जी रिश्तों की आड़ में छह लोगों से लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में साइबर अपराधियों का दुस्साहस इस कदर बढ़ गया है कि वे हर दिन ठगी के नए और चौंकाने वाले तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में साइबर थाना पुलिस ने छह अलग-अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज की है, जहां आरोपितों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग, सोशल मीडिया और फर्जी पहचान के जरिए करीब 32 लाख रुपये से अधिक की राशि हड़प ली। ठगों ने सरकारी कर्मचारियों से लेकर रेहड़ी-पटरी वालों तक को अपना निशाना बनाया है।

**निवेश के नाम पर बड़ी सेंधमारी**

प्रगति नगर निवासी सुनील ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह सरकारी कर्मचारी हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम के नाम पर उनसे साइबर ठगों ने 25.59 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर और फर्जी प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि उनके पास एक युवती ने व्हाट्सएप कॉल कर खुद को सीआईबी (एलयूएक्स) नामक कंपनी से जुड़ा बताया और वेल्थ ग्रोथ एक्सीलेरेशन प्लान 500 फीसदी स्कीम में निवेश का ऑफर दिया। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां प्रोफेसर आदित्य नाम का व्यक्ति रोजाना ट्रेडिंग और शेयर बाजार की जानकारी देता था।

ठगों ने शुरुआत में मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा बनाया और ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया। इसके बाद बार-बार निवेश बढ़ाने के लिए दबाव बनाया गया। झांसे में आकर पीड़ित ने 15 जनवरी से 27 फरवरी के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 25.59 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में अकाउंट में घाटा दिखाकर और पैसे जमा कराने का दबाव बनाया। उनकी पांच हजार रुपये की निकासी भी कराई। उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो प्राथमिकी दर्ज कराई।

### टेलीग्राम पर दिया ट्रेडिंग का झांसा

गांव असावरपुर के जसवंत को टेलीग्राम पर ट्रेडिंग का झांसा देकर करीब 2.54 लाख रुपये की ठगी कर ली। उनका आरोप है कि 25 फरवरी को टेलीग्राम पर लिंक मिला था, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया गया। ठगों ने फर्जी वेबसाइट पर आईडी-पासवर्ड बनवाकर ट्रेडिंग शुरू करवाई। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए छोटी रकम पर मुनाफा दिखाया। बाद में ठगों ने पैसे निकालने के नाम पर बहाने बनाकर बार-बार रकम जमा करवाई। कभी सर्वर डाउन तो कभी अकाउंट फ्रीज होने की बात कहकर उससे कई बार में 2.54 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये।

### मामा का लड़का बता ठग लिए 1 लाख

गांव सांदल कलां निवासी मनोज से व्हाट्सएप कॉल के जरिए रिश्तेदार बनकर 1 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। वह सरकारी नौकरी करते हैं। 25 मार्च को उनके पास व्हाट्सएप कॉल कर युवक ने खुद को उनके मामा का लडक़ा बताया। आरोपी ने विश्वास में लेते हुए कहा कि वह उसके खाते में 15.42 लाख रुपये भेजना चाहता है। साथ ही उसने कहा कि यह राशि उनकी बहन व दोस्त के खाते में डाल देना। उसने एक फर्जी रसीद भेजकर भरोसा भी दिलाया कि रकम 24 घंटे में खाते में आ जाएगी। बहाना बनाया कि उसके दोस्त के पिता अस्पताल में भर्ती हैं और तत्काल पैसों की जरूरत है। झांसे में आकर पीड़ित ने पहले 1 रुपये और फिर 99,999 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद शक होने पर जब पीड़ित ने अपने रिश्तेदार से संपर्क किया, तो ठगी का खुलासा हुआ।

### रिश्तेदार बनकर ठग लिए लाखों

सोनीपत निवासी सचिन ने फेसबुक पर रिश्तेदार बनकर 1.50 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। ठगों ने ट्रैवल एजेंसी और पासपोर्ट बैन का डर दिखाकर रुपये ट्रांसफर करवा लिये। पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 17 मार्च को फेसबुक पर मैसेज आया, जिसमें युवक ने खुद को उनके साले का बेटा बताया। आरोपी ने कहा कि वह ट्रैवल्स एजेंसी के माध्यम से भारत आने के लिए टिकट बुक करा रहा है, लेकिन उसका पासपोर्ट बैन हो गया है। इसके बाद आरोपी ने उसे एक मोबाइल नंबर दिया। जब उन्होंने नंबर पर संपर्क किया तो वहां से बताया गया कि संबंधित युवक पर 1.50 लाख रुपये बकाया हैं और पैसे देने पर ही उसे पुलिस कार्रवाई से बचाया जा सकता है।

### सब्जी विक्रेता से 1 लाख ठगे

मूलरूप से बिहार के खगड़िया हाल बहालगढ़ निवासी दिलखुश ने बताया कि वह सब्जी विक्रेता हैं। उनके पास पेटीएम कर्मचारी बनकर एक लाख रुपये की ठगी कर दी गई। ठगों ने बफर अपडेट का झांसा देकर पीड़ित का मोबाइल अपने कब्जे में लिया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली।

### फोन चोरी खाते से 99 हजार निकले

प्रगति नगर निवासी जर्नादन ने मोबाइल चोरी होने व खाते से करीब 99 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह 8 जनवरी को बिहार के सिवान स्थित अपने पैतृक घर जा रहे थे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कहीं रास्ते में उनका मोबाइल चोरी हो गया।

शैक्षणिक सत्र 2026–28 के दूसरे चरण की परीक्षा का शेड्यूल जारी

हरियाणा सुपर-100

# प्रदेश में 2113 व सोनीपत के 89 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

1. दूसरे चरण में परीक्षा पास विद्यार्थी तीसरे चरण में होंगे शामिल, कल से डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेश पत्र
2. शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर-100 के अंतर्गत सोनीपत में 2698 विद्यार्थियों ने कराया था पंजीकरण
3. प्रथम चरण की परीक्षा में 8 केंद्रों पर 1844 विद्यार्थियों ने आजमाई थी किस्मत, 854 नहीं दे पाए थे परीक्षा

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर-100 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–28 की दूसरे चरण की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 15 मार्च को प्रथम चरण के घोषित परिणाम के अनुसार प्रदेश में 2113 व सोनीपत में 89 विद्यार्थी दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होंगे। चयनित विद्यार्थी 5 अप्रैल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद 19 से 27 अप्रैल के मध्य परीक्षा आयोजित होगी। योजना का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए सक्षम बनाना है।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ (डीएसएस) एवं नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम चरण की परीक्षा 11 फरवरी को राजकीय विद्यालयों की कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। प्रदेश में 178 तो सोनीपत में 8 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 1844 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जबकि 854 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे। जिला में सुपर-100 परीक्षा के लिए कुल 2698 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। जिले के 89 विद्यार्थियों सुपर-100 के प्रथम चरण की परीक्षा उत्तीर्ण कर अगले चरण के लिए अपना स्थान पक्का किया है। प्रथम चरण में सफल विद्यार्थी दूसरे चरण में शामिल होंगे। प्रदेश में परीक्षा को तीन अलग-अलग बैचों में बांटा गया है। पहला बैच 19 से 21 अप्रैल, दूसरा बैच 22 से 24 अप्रैल व तीसरा बैच 25 से 27 अप्रैल तक परीक्षा देगा। विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा सुपर 100 के कैंपस में आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक बैच में करीब 700-700 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विद्यार्थियों को परामर्श दिया गया है कि वह समय पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। दूसरे चरण में विद्यार्थियों को 3 दिनों के विशेष रेजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण में रखा जाएगा, जहां उन्हें विषय विशेषज्ञों की ओर से पढ़ाया जाएगा। इसके पश्चात उनका मूल्यांकन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों का अंतिम चयन कर उन्हें दाखिला दिया जाएगा।




सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### किस ब्लॉक में कितने विद्यार्थी चयनित

| | | |
|---|---|---|
| सोनीपत | - | 17 |
| राई | - | 20 |
| गोहाना | - | 13 |
| गन्नौर | - | 12 |
| कथूरा | - | 05 |
| खरखौदा | - | 07 |
| मुंडलाना | - | 15 |
| कुल | - | 89 |

### 19 से परीक्षा

हरियाणा सुपर-100 की दूसरे चरण की परीक्षा को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से 19 से 27 अप्रैल के मध्य तीन बैच में परीक्षा आयोजित की जाएगी। चयनित विद्यार्थी 5 अप्रैल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। जिले के कुल 89 विद्यार्थियों ने सुपर-100 के प्रथम चरण को पार किया था।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी

### प्रतियोगी परीक्षाओं का नि:शुल्क प्रशिक्षण

नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से हरियाणा सुपर 100 योजना की निरंतर सफलता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों व अभिभावकों से प्राप्त सकारात्मक फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों की संख्या 400 से बढ़ाकर 500 कर दी गई है। इससे प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। चयनित विद्यार्थियों को जेईई, एनईईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी पूर्णतः नि:शुल्क कराई जाएगी।

### 7 वर्ष में 277 विद्यार्थी हुए सफल

हरियाणा सुपर-100 योजना की शुरुआत वर्ष 2018 में हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग एवं विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से की गई थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक 100 से अधिक विद्यार्थियों का चयन आईआईटी में हो चुका है। करीब 97 विद्यार्थी आईआईआईटी, नीट एवं अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में और करीब 80 विद्यार्थी एम्स व विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयनित होकर योजना की सफलता को प्रमाणित कर चुके हैं।

## किसान झोटा लेकर उतरे सड़कों पर, किया प्रदर्शन

■ विवादित बयान का आरोप, जिले के किसानों और समाज के लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। झोटा लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के कथित विवादित बयान को लेकर जिले में किसानों और समाज में रोष देखने को मिला। इसी मुद्दे पर छोटूराम धर्मशाला में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के प्रतिनिधियों और किसानों ने भाग लेकर एकजुटता दिखाई और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। बैठक के बाद प्रदर्शनकारियों ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। किसान 'झोटा' लेकर सड़कों पर उतरे और नारेबाजी करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य है और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित अधिकारी पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## समुदाय के खिलाफ टिप्पणी पर विरोध, सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



एक समुदाय के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने रोष जताते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी प्रवक्ता सुखमेंद्र सिंह खराब ने बताया कि यह ज्ञापन डॉ. कीर्ति, तहसीलदार सोनीपत को दिया गया।

ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने वाली है और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं प्रशासन की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करती हैं। पार्टी पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि उचित कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान योगाचार्य वैद्य परमिंदर शास्त्री (आंतिल) भी मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटवाने के साथ चालान भी काटे

**गन्नौर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया गया। पुलिस टीम ने नगरपालिका के सहयोग से सड़क किनारे लगे अवैध ठेले, अस्थायी ढांचे हटवाए और उन्हें जब्त किया। जब्त किए गए सामान को नगरपालिका परिसर में सील कर दिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों व बाइकों पर घूमते मिले असामाजिक तत्वों के चालान भी किए गए। यातायात पुलिस चौकी प्रभारी सोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के बाद रेलवे रोड की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ।

## खबर संक्षेप

### कुराश चैम्पियनशिप में लहराया परचम

**सोनीपत।** मध्यप्रदेश के इंदौर में 27 से 29 मार्च तक आयोजित सीनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप में इंडियन स्कूल जूडो अकैडमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भारती ने 63 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक और तमन्ना ने 87 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

### 9 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 9 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत पांची गुजरान गांव से हुई, जहां विधायक ने खेत-खलियान योजना के तहत पक्के रास्ते की नींव रखी। इस रास्ते के निर्माण कार्य पर लगभग 5 लाख 45 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके बाद विधायक ने वार्ड 5 के महादेव नगर में करीब 4 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया।

### नए आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन

**सोनीपत।** फिम्स अस्पताल ने अपनी 11वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर चेयरमैन आरपी जैन ने हवन यज्ञ के बाद नए आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक रजत जैन, सीएमडी डॉ अनिल जैन सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आईसीयू बेड की संख्या बढ़ाकर 90 कर दी गई है और कुल बिस्तर क्षमता अब करीब 250 हो गई है।

### हनुमान जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा और समर्पण की प्रेरणा का अवसर : कमल दिवान



**सोनीपत।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। इस पावन अवसर पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान के सेक्टर-14 स्थित नए कार्यालय के बाहर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां पुष्प वर्षा और जलपान के साथ शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में भगवान हनुमान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गाजे-बाजे और 'जय श्री राम' व 'जय हनुमान' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जैसे ही शोभायात्रा सेक्टर-14 पहुंची, कमल दिवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने पूरी श्रद्धा के साथ इसका स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि भगवान हनुमान साहस, सेवा और भक्ति के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमें निस्वार्थ सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला अवसर है।

## पंचकल्याणक एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम : सुरेंद्र पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि राष्ट्र संत उपाध्याय डॉ. गुप्ति सागर महाराज समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे है। उनका मार्ग दर्शन बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों का कल्याण कर रहा है। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार सेक्टर-15 में आयोजित प्रथम विश्वकर्मा तीर्थंकर भगवन ऋषभदेव की प्राण प्रतिष्ठा, पंचकल्याणक महोत्सव में शिरकत करने के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते है बल्कि समाज में एकता, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते है। उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और अध्यात्मिकता का अद्भुत संगम बना। उन्होंने कहा कि डॉ. गुप्ति सागर महाराज ने अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ी है, साथ में समाज में एकता और सहयोग की भावना मजबूत हुई है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को अंग्रेजी बोलने के दिए टिप्स

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शिक्षकों के लिए इंग्लिश स्पीकिंग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की अंग्रेजी भाषा में संवाद क्षमता को सुदृढ़ बनाना तथा कक्षा शिक्षण को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना रहा। आचार्य मयंक ने इंग्लिश स्पीकिंग का सत्र लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सरल एवं प्रभावी तरीके से अंग्रेजी बोलने, उच्चारण में सुधार करने तथा दैनिक शिक्षण कार्य में अंग्रेजी का अधिकाधिक प्रयोग करने के विभिन्न उपाय बताए गए। प्रशिक्षण में संवाद अभ्यास, समूह चर्चा एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ



**सोनीपत।** शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन वार्ड नं 05 के जीवन विहार एक्सटेंशन में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व निगम पार्षद मुकेश सैनी और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और पूर्व मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 05 में जीवन विहार एक्सटेंशन की कुछ गलियां कच्ची पड़ी थी, जिनमें सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं थी। ऐसी कई गलियों में सीवरेज की नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य को 17 लाख रुपये की लागत से पूरा करवाया जाएगा।

लापरवाही — कंपनियों की मनमानी से लोगों को उठानी पड़ रही परेशानी

# रसायन युक्त पानी से सड़कों पर बने गहरे गड्ढे

■ जिम्मेदार अधिकारी व एसोसिएशन एक-दूसरे पर लापरवाही का लगा रहे आरोप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस दो में कंपनियों द्वारा सड़क पर ही छोड़े जा रहे गंदे पानी से सड़क बुरी तरह से टूट गई और हालात ये है कि अवागमन करने वाले वाहन चालक एचएसआईआईडीसी विभाग को कोस रहे है कि अधिकारियों की ही अनदेखी के चलते कपड़ा रंगाई वाली कंपनी संचालकों के हौसल्ले इतने बुलंद है कि वे बिना कार्रवाई के डर के काफी मात्रा में पानी सड़क पर छोड़ रहे है। एचएसआईडीसी के अधिकारियों की माने तो उनका कहना कि वे नोटिस देने के साथ प्रदूषण विभाग को कार्रवाई के लिए लिख चुके है लेकिन दिन-प्रतिदिन सड़क पर पानी बढ़ता जा रहा है। लल्हेड़ी, राजलू गढ़ी व आसपास के ग्रामीणों ने विजिलेंस से मांग की है कि उक्त कंपनियों की जांच की जाए कि वे नियमों का उल्लंघन कैसे कर रहे हैं।

### पानी छोड़ने के आरोप में दिया जा चुका नोटिस

एचएसआईआईडसी के सीनियर मैनेजर राजबीर देशवाल ने बताया कि सीवर लाईन पुरी तरह से खुली हुई है। उनकी लाईन अगर बंद हो तो सड़क पर कई- कई फुट पानी भर जाएगा। कंपनी वाले पानी एक साथ ज्यादा छोडने के साथ सलज सहित पानी छोड़ रहे है। जिससे सड़कों को नुकसान हो रहा है।

### पानी ट्रीट के बाद ही छोड़ना होता है : योगेश

प्रदूषण विभाग के एसडीओ योगेश शर्मा ने बताया कि कंपनियों से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा जांच की जाएगी कि वे नियमों के हिसाब से पानी छोड़ रहे है। इसके अलावा सीवर लाईन भी जाम की समस्या हो सकती है। कंपनी को पानी ठटीपी और सीटीपी से साफ करके सीवर में छोड़ने के आदेश है।

### लाइन सफाई पर ध्यान नही दे रहे : गोयल

बड़ी इंडस्ट्रीयल मैनुफेक्चरिंग एसोएशिन के प्रधान अमित गोयल ने बताया कि कंपनी वाले पानी ज्यादा नही छोड़े रहे है। सीवर लाईन की सफाई ठीक तरह से नही हुई है। विभाग ध्यान नही दे रहा है। कंपनी वाले बहुत परेशान है। सीवर जाम के कारण पानी भरा रहता है।

**राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, गन्नौर (3460), सोनीपत**

आवश्यकता

सभी गन्नौर वासियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या प्राथमिक पाठशाला (17759) में खाना बनाने हेतू कुक कम हेल्पर का पद रिक्त है। कृप्या कार्यकुशल, निपुण महिला उम्मीदवार 6 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक आवेदन करें। नियम व शर्तें निदेशालय द्वारा जारी पत्र अनुसार व सभी अधिकार स्कूल SMC के पास रहेंगे।

हस्ता/-प्रधान अध्यापिका, अध्यक्ष, संचालक
विद्यालय प्रबंधन समिति
रा.मा.सं.क.प्रा. पाठशाला
गन्नौर (सोनीपत) स्कूल कोड (3460)